दैनिक भास्कर

# नारायण विहार में नकली गुटखा फैक्टरी पकड़ी / नारायण विहार में नकली गुटखा फैक्टरी पकड़ी

**Gwalior News - गोला का मंदिर थाना क्षेत्र की नारायण विहार कॉलोनी में क्राइम ब्रांच ने नकली गुटखा फैक्टरी पर छापा मारकर दो...**



Gwalior gotcha factory caught in narayan vihar

Nov 02, 2018, 03:45 AM IST



गोला का मंदिर थाना क्षेत्र की नारायण विहार कॉलोनी में क्राइम ब्रांच ने नकली गुटखा फैक्टरी पर छापा मारकर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। फैक्टरी से भारी मात्रा में गुटखा बनाने के लिए कच्चा माल, मशीन और नकली राजश्री व विमल गुटखा के पाउच बरामद किए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

थाना प्रभारी विनोद छावई ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि नारायण विहार कॉलोनी में नकली गुटखा फैक्टरी संचालित है। इस सूचना पर मनोज परमार, सत्यवीर सिंह, राजीव सोलंकी, अनिल राजावत, रामवीर, कपिल पाठक,घनश्याम जाट और रामसहाय आदि की टीम को छापा मारने के लिए भेजा गया था। पुलिस पार्टी ने मुखबिर द्वारा बताए गए जोगेंद्र गुर्जर के मकान पर गुरुवार की दोपहर छापा मारकर बलराम भदौरिया पुत्र रूप सिंह भदौरिया निवासी गदाईपुरा, जोनी कुशवाह पुत्र मुन्नालाल कुशवाह निवासी नाका चंद्रबदनी को नकली राजश्री व विमल गुटखा बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रैपर, पाउच के साथ कच्चा माल व मशीन बरामद की है। आरोपियों ने बताया कि वे तीन माह से नकली फैक्टरी चला रहे थे।

पुलिस हिरासत में आरोपी।

Source: https://www.bhaskar.com/news/gotcha-factory-caught-in-narayan-vihar-034504-3116685.html